çknf'kd lekpkj
fnukd& 01-05-2026 ¼nkigj&1310 ct½
e[; lekpkj

1. f ' !fed fn l ij i#kkue$% uj&n' ekn% u dgk& !fedk d l'k'(%dj)k d f*+ ljdkj i';klj(, jk-;ik* .kj e[;e$% u 0k% n% gkfnd 'k0kdkeuk+2
2. jk-;ik* l(k3k dekj 44 kj u ti%+ll% d% gkf*;k ij%5kk.k e ik6 46 $f7;k ij t(k6 40k%j fp(k , tkp dj nkf3k;k d f[k*k8 dkj k6 dk fun'k2
3. jkp% e lkln lk9df(d egk;l 9 n'k% e*k dk .k;ktu, d&n%; j5kk jk-; e$% lt; l< u fd;k =n?kk7u2
4. d&n' ljdkj u @%t* .kj f ekuu 6Aku ij fu;k('kBd e d7k(% d%, i7k* ij =;ikn 'kBd e dk6 cn*k ug%2
5. .kj Akuckn d d&n.k e f8j 0k#klku, Akuckn&ckdkjk e[; ek4 ij .k k4eu <i, c%l%l%+* u ç0kkf (5k$k d *k4k dk ljf5k(9Ekku ij tku d% n% l*kg 2

****

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के मेहनतकश श्रमिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की सराहना की । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश साझा करते हुए कहा कि आज का दिन उन तमाम मेहनतकश हाथों को समर्पित है, जो अपने परिश्रम और पसीने से नए भारत की नींव को मजबूत बना रहे हैं।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी सभी श्रमिक बंधुओं को शुभकामनाएं दी है और उनके उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की। इधर राज्य भर में मजदूर दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जामताड़ा में आज सीपीआईएम के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में ध्वजारोहण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड लोक सेवा आयोग की हालिया परीक्षाओं में पाई गई त्रुटियों पर गंभीर चिंता जताई है। इस संबंध में लोक भवन की ओर से आयोग के अध्यक्ष को पत्र भेजकर प्रश्न–पत्र और उत्तर कुंजी में हुई गलतियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। राज्यपाल ने मामले की समुचित जांच कर जिम्मेदारी तय करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही भविष्य में ऐसी त्रुटियों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए परीक्षा प्रक्रिया में सुधार और पारदर्शिता बनाए रखने पर जोर दिया गया है।

****

रांची के ऑड्रे हाउस में आज से तीन दिवसीय सांसद सांस्कृतिक महोत्सव सह स्वदेशी मेले का आयोजन किया गया है । केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने इसका उद्‌घाटन किया। इसमें केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है। केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की।

****

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने खूंटी में दीनदयाल उपाध्याय शहरी जलापूर्ति योजना में अनियमितता और कार्य में देरी को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। अर्जुन मुंडा ने योजना के निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए संथाली भाषा की ओल चिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मु की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने लिखा है पंडित रघुनाथ मुर्मू ने अपनी दूरदर्शिता और सृजनशीलता के द्वारा संथाली भाषा को नई पहचान दी। राष्ट्रपति ने लोगों को उनके आदर्श से प्रेरणा लेकर विकसित तथा समावेशी भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की अपील की।

****

केन्द्र सरकार ने डीजल और विमानन ईंधन पर निर्यात शुल्क में कटौती की है। इस संबंध में केंद्र ने अधिसूचना जारी कर दी है और यह कटौती आज से लागू हो गई है।

****

एकीकृत भुगतान प्रणाली–यूपीआई दुनिया के सबसे बड़े तत्काल भुगतान मंच के रूप में उभरी है। यह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था का आधार है। इसके शुभारंभ के एक दशक बाद, यूपीआई वैश्विक तत्काल भुगतान लेनदेन के लगभग आधे हिस्से को संचालित करता है। इसकी शुरूआत 11 अप्रैल, 2016 को हुई थी।

****

दुमका जिले के विश्व प्रसिद्ध बासुकिनाथ राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव 2026 में आनेवाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर नगर पंचायत बासुकिनाथ बोर्ड की बैठक हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष वीणा देवी की अध्यक्षता में हुई बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार तथा आधारभूत संरचना को मजबूत करने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। कई अहम प्रस्तावों को स्वीकृति देते हुए बासुकिनाथ नगर पंचायत क्षेत्र के विकास को नयी दिशा देने का संकल्प लिया गया।

****

रांची में आज आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति का 105 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। रांची के हेहल स्थित मधु मंजूषा आनंद मार्ग ज्ञान मंदिर में सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भगवान आनंदमूर्ति का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इस मौके पर आचार्य संजीवानंद अवधूत ने बताया कि गुरुदेव का जन्म वैशाख पूर्णिमा के दिन 1921 में हुआ था। आनंद मार्ग में इस दिन को आनंद पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 39 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 42 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

लगातार दो दिनों से हो रही तेज बारिश के बीच केंदुआ में धनबाद बोकारो मुख्य मार्ग पर एक बार फिर भू–धंसान की घटना हुई । पहले से बने गोफ के बगल में नया गोफ बन गया है, जिसमें बारिश का पानी तेजी से समा रहा है। प्रशासन ने एहतियातन मुख्य मार्ग को दोनों ओर से बैरिकेडिंग कर बंद कर दिया है, जिससे आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है ।बीसीसीएल प्रबंधन ने प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने की सलाह दी है।

****